हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 15 मई 2024

06 तेज हवा के साथ लगभग 1 घंटे तक हुई रुक-...

07 मतदान के लिए बनाए गए 335 केंद्रों पर लगी रही...




## कलेक्टर और एसपी ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया, जिले में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

# मतदाताओं में दिखा उत्साह, विधानसभा क्षेत्र आगर में 75.44 प्रतिशत मतदान हुआ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर-मालवा

लोकसभा संसदीय क्षेत्र देवास के विधानसभा क्षेत्र आगर (अजा) में सोमवार को सभी मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुए। विधानसभा क्षेत्र में 75.44 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 79.68 प्रतिशत पुरूष एवं 70.97 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान कर अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाई। जिले के मतदाताओं में मतदान को लेकर अपार उत्साह देखा गया, प्रातः समय से मतदाता अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाने के लिए मतदान केन्द्रों पर पहुंचने लगे, युवा, बुजूर्ग, दिव्यांग महिला-पुरूष सभी मतदाताओं द्वारा अपने वोट देकर अपना फर्ज निभाया। विधानसभा क्षेत्र आगर में सुबह 9 बजे 18.56 प्रतिशत मतदान, 11 बजे 37.66 प्रतिशत, दोपहर 1 बजे 52.53 प्रतिशत, 3 बजे 63.45 प्रतिशत तथा शाम 5 बजे 72.34 प्रतिशत मतदान हुआ है।

लोकसभा संसदीय क्षेत्र देवास के विधानसभा क्षेत्र आगर (अजा) में सभी मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुए। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, एसपी विनोद कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा द्वारा सतत मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया गया।

## तपती गर्मी में दिखा मतदान के प्रति उत्साह, 74.82 प्रतिशत रहा नगर का मतदान




**कानड़।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान सोमवार को संपन्न हुआ। नगर में 9 पोलिंग बूथ बने जहां स्थानीय प्रशासन द्वारा गर्मी को देखते हुए ठंडे पानी, टेंट और छावं की व्यवस्था की गई थी। सुबह 7 बजे से चालू हुआ मतदान दोपहर 12 बजे तक ठीक ठाक चला, वहीं दोपहर में मतदान की गति धीमी रही। सुबह चले मतदान के बीच 112 मत गिरने के बाद वीवीपेट मशीन में खराबी आई। जिसे तुरंत बदला और मतदान चालू करवाया। दोपहर बाद करीब 4 बजे से फिर मतदान ने गति पकड़ी, शाम 6 बजे तक 74.82 प्रतिशत मतदान हुआ। 8482 मतदाता में से 6388 ने अपने मत का प्रयोग किया, जिसमें महिलाओं के 2989 मत डाले गए और पुरुष मतदाताओं ने 3399 मत डाले। 2095 मतदाताओं ने मतदान नहीं किया। सोमवार को लोकसभा के चुनाव में तपती गर्मी में लोग घरों से निकले, वहीं 80 वर्ष के दुर्गा प्रसाद बीजापारी ने भी अपने मत का प्रयोग किया।



### बिजली गुल होने से हुई परेशानी

लोकसभा निर्वाचन संपन्न करवाने को लेकर रविवार को ही सभी 9 पोलिंग बूथ पर चुनाव कर्मचारी पहुंच गए थे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर गर्मी को देखते हुए छांव के लिए टेंट की व्यवस्था की गई थी। वहीं मतदाताओं के लिए मतदान परिसर में लाइन में लगकर मतदान केंद्र पर जाने को लेकर, जमीन पर कारपेट भी बिछाया गया था। बिजली, पानी और केंद्र पर कूलर की व्यवस्था स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई थी। लेकिन रविवार रात्रि में तेज हवा के साथ वर्षा होने से कुछ जगह व्यवस्था में दखल हुआ। वहीं रात्रि में 12 बजे गुल हुई बिजली देर रात्रि 3 बजे लौटी। जिससे चुनाव करवाने आए कर्मचारियों को परेशान होना पड़ा।

### कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

नगर में कन्या शासकीय हाई स्कूल में बने मतदान केंद्र का कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और एसपी विनोद कुमार सिंह ने निरीक्षण कर मतदान कर्मचारी से जानकारी ली। उसके बाद माताजी रोड मांगलिक भवन में बने बूथ क्रमांक 269 पर भी जाकर कलेक्टर और एसपी ने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। वीवीपेट ख़राब होने पर कलेक्टर ने कहा कि जहाँ ऐसी समस्या आती हैं वहां हमारे टेक्निकल इंजिनियर सुपर विजन कर फिर से वीवीपेट मशीन चालू कर दी जाति है। नप सीएमओ शिव सिंह चौहान, नायब तहसीलदार पुलकित जैन, सेक्टर अधिकारी जितेंद्र सोलंकी, थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह देवड़ा, पुलिस सेक्टर प्रभारी मानसिंह परमार, बीएलओ और अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी में चुनाव सम्पन्न हुए।




### लक्की ड्रॉ में चयनित मतदाताओं को मिलेगा आकर्षक इनाम

लोकसभा निर्वाचन-2024 में विधानसभा क्षेत्र आगर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह व जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर के मार्गदर्शन में नवाचार के रूप लक्की ड्रॉ प्रतियोगिता का आयेजन मतदान केन्द्रों पर किया गया। प्रतियोगिता अन्तर्गत प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर प्रथम 100 मतदाताओं की नाम की पर्ची को लक्की ड्रॉ में शामिल करते हुए 3 मतदाता का चयन किया गया। इन मतदाताओं को जिला प्रशासन द्वारा आकर्षक इनाम दिया जाएगा।

-

### बुजुर्ग मतदाताओं में मतदान के प्रति दिखा उत्साह

जिले के मतदान केन्द्रों पर बुजुर्ग मतदाताओं में मतदान को लेकर अलग उत्साह देखा गया। बूजुर्ग मतदाताओं ने अपने परिजनों के साथ मतदान केन्द्रों पर आकर मतदान कर देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इसी क्रम में भ्याना की रहने वाली 90 वर्षीय मतदाता कमला बाई में मतदान को काफी उत्साह देखा गया, उन्होंने अपना मत देकर स्याही लगी उंगली दिखाकर युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। निपानिया हनुमान की रहने वाली 89 वर्षीय दरियावबाई ने अपने परिजनों के साथ मतदान केन्द्र पर वोट दिया, ग्राम सिंगलिया के रहने वाले 88 वर्षीय भगवान सिंह भी मतदान में पीछे नहीं रहे। उन्होंने व्हील चेयर से अपने मतदान केन्द्र पर आकर मतदान किया। भ्याना गांव के रहने वाले 85 वर्षीय पर्वत सिंह, ग्राम जामुनिया के 80 वर्षीय अम्बाराम ने भी अपने मतदान केन्द्रों पर जाकर अपना मत दिया।

### मतदाताओं को ठंडी छाछ का वितरण किया

विस आगर के 304 मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए शीतल पेयजल, छांव, दवाईयां की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई। साथ ही गर्मी को देखते हुए नगरीय निकाय के मतदान केन्द्रों पर दोपहर के समय ठंडी छाछ का वितरण भी मतदाताओं को किया गया। मतदान केन्द्रों पर जिला प्रशासन द्वारा की गई सुविधाओं से मतदाता काफी खुश नजर आए।

### दिव्यांग देवीसिंह में मतदान का जोश बैशाखी के सहारे आकर मतदान किया

मतदान को लेकर जिले में दिव्यांग मतदाता भी काफी उत्साहित दिखाई दिए। आगर निवासी दिव्यांग देवीसिंह ने मतदान केन्द्र क्रमांक-168 पर बैशाखी के सहारे आकर अपना मत देकर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। ग्राम झांटा के एलकारसिंह भी अस्वस्थता के बाद मतदान में पीछे नहीं रहें, उन्होंने व्हील चेयर से अपने मतदान केन्द्र पर आकर वोट दिया।





## खबर संक्षेप में



### सूरज के तेवर तीखे गर्मी से आमजन बेहाल

**नलखेड़ा।** सूरज के तख्त हुए तेवरों से लोग हलाकान हो रहे हैं। दोपहर के साथ-साथ अब सुबह से ही तपन होने लग गई है। तापमान देखकर ऐसा लगता है की मानो सूरज आग उगल रहा है। ऐसे में लोगों को तमतमाती गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। जैसे-जैसे दिन बढ़ रहे हैं वैसे ही तापमान में भी बढ़ोतरी होती जा रही है। इसके साथ ही लू भी चलनी शुरू हो गई है। दोपहर में लू के थपेड़ों के बीच बिना चश्मे और मुँह पर कपड़ा बांधे घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। घरो में पंखे भी गर्म हवा देने लगे हैं। इस भीषण गर्मी में अक्सर छोटे बच्चे बीमारी की चपेट में आ जाते है। मंगलवार को भीषण गर्मी के चलते दोपहर में बाजार में पूरी तरह सन्नाटा छाया रहा। सड़कों पर इक्का दुक्का लोग ही दिखाई दिए। शाम होने के बाद नागरिक घरों से बाहर निकले। घर से बाहर निकलने के पहले भरपेट पानी अवश्य पिएं। ढीले और आरामदायक कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढंककर रखें। टोपी, कपड़ा, छतरी का उपयोग करें। पानी, छाछ, ओआरएस का घोल या घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन करें। भरपेट ताजा भोजन करके ही घर से निकलें। आवश्यक होने पर ही सावधानी बरतते हुए धूप में बाहर निकलें।

### महिला आईटीआई में प्रवेश के लिए 20 तक रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

**सीहोर।** शासकीय डॉ. आंबेडकर महिला आईटीआई में प्रवेश सत्र 2024-25 के लिए संचालित एनसीवीटी के पाठ्यक्रमों (हिन्दी स्टेनो, कोपा, फैशन डिजाइन, कम्प्यूटर हार्डवेयर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैके, ड्राफ्ट्समैन सिविल) में प्रवेश के इच्छुक आवेदक सत्र 2024-25 में 10वीं पास, सभी श्रेणी की महिला आवेदकों व अन्य आवेदकों के प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन के लिए विभाग के पोर्टल पर प्रवेश मेन्यु में रजिस्ट्रेशन 2024 ऑप्शन पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. आंबेडकर शास. महिला औ. प्रशि.संस्था ने जानकारी दी कि प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन 20 मई तक निर्धारित हैं। शासकीय महिला आईटीआई में प्रवेश के लिए पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।

## निष्ठा ने सीबीएसई परीक्षा में हासिल किए 92 % अंक





**कानड़।** सोमावर को घोषित हुए सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा परीणाम में नगर की बेटी ने नगर का मान बढ़ाया। सीबीएसई 10वीं बोर्ड में निष्ठा ठाकुर ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर माता पिता और नगर का नाम रोशन किया। निष्ठा ने अपने नगर और घर से दूर रहकर सन्मति हायर सेकंडरी स्कूल इंदौर में अध्यन करते हुए इस उपलब्धि को प्राप्त किया। निष्ठा ने बताया की माता पिता और गुरुजन के मार्गदर्शन से यह संभव हो पाया है। निष्ठा के पिता वीरेंद्र सिंह ठाकुर नगर के कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य हैं। निष्ठा की इस सफलता के लिए उनके माता पिता ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। साथ ही स्कूल स्टाफ, इष्ट मित्रों तथा परिवार जनों ने भी बधाई दी।

### आज भक्तगण माता रानी के दर्शन पूजन कर मां का आशीर्वाद करेंगे प्राप्त

# मां बगलामुखी प्राकट्य दिवस आज, मंदिर पर आकर्षक विद्युत सज्जा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



मां बगलामुखी प्राकट्य दिवस पर मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया है। दिनभर भक्तगण माता रानी के दर्शन पूजन कर मां का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। विश्व भर के असंख्य भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने वाली, शत्रुओं पर विजय का वरदान देने वाली मां बगलामुखी का आज प्राकट्य दिवस है। धर्मग्रंथों में उल्लेख अनुसार लक्ष्मणा नदी के किनारे चारों ओर से श्मशान से घिरे इस स्थान पर हजारों वर्ष पूर्व माता रानी प्रकट हुई थीं। तभी से इस चमत्कारिक स्थान पर राजा-महाराजा अपनी मनोकामना को लेकर एवं शत्रुओं पर विजय का वरदान प्राप्त करने हेतु आराधना करते रहते थे।

महाभारत काल में पांडवों द्वारा कौरवों पर विजय प्राप्त करने के लिए यहां माता रानी की साधना आराधना की गई थी। वहीं राजा विक्रमादित्य द्वारा पुत्र रत्न की प्राप्ति हेतु मां की आराधना की गई थी। पुत्र रत्न की प्राप्ति के बाद उनके द्वारा मंदिर परिसर में 80 फिट ऊंची दीपमालिका का निर्माण भी करवाया गया था।

इसी प्रकार वर्तमान समय में भी माता रानी रंक से लगाकर राजा तक की मनोकामना पूर्ण कर रही है। जिसके चलते आज माता का यह मंदिर विश्व भर के भक्तों का आस्था का केंद्र बन चुका है। धर्मग्रंथों के अनुसार यहां माता रानी वैशाख शुक्ल अष्टमी को प्रकट हुई थी तभी से उक्त तिथि पर माता रानी का प्रकटोत्सव मनाया जा रहा है। बुधवार को वैशाख शुक्ल अष्टमी को प्रकटोत्सव मनाने के लिए माता रानी के मंदिर को फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया है वहीं मंदिर पर आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई है। प्राकट्य दिवस के एक दिन पूर्व से ही मंदिर में की गई सजावट भक्तों का मनमोह रही है।

### हवन अनुष्ठान रहेंगे बंद

मंदिर प्रबंध समिति द्वारा मां बगलामुखी प्राकट्य दिवस पर दिन भर होने वाले विभिन्न आयोजन के दृष्टिगत मंदिर परिसर में बुधवार सुबह से गुरुवार प्रातः मंगला आरती तक हवन अनुष्ठान बंद रखने का निर्णय लिया है। एसडीएम एवं प्रबंध समिति पदेन अध्यक्ष मिलिंद ढोके ने उक्त जानकारी देते हुए भक्तों से सभी आयोजन में भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।



## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए 31 मई तक कर सकेंगे आवेदन

**देवास।** जिला खेल अधिकारी देवास ने बताया कि संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण द्वारा 01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2024 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन 31 मई तक आमंत्रित किये जा रहे है। खेलवृत्ति के लिए आवेदन कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण विभाग विकास नगर देवास से प्राप्त कर सकते है। 31 मई के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया नहीं किया जायेगा।

### शांतिपूर्ण मतदान के लिए कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने माना आभार

**देवास।** जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुगम और पारदर्शी तरीके व शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने जिले में निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों/कर्मचारियों सहित आम नागरिकों, मतदाताओं, सुरक्षा बलों, मीडिया कर्मियों आदि के प्रति आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर गुप्ता ने लोकसभा निर्वाचन कार्य से संबद्ध प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों, जिला अधिकारियों और कर्मचारियों के सराहनीय योगदान की प्रशंसा की।

## मंगलवार को दिनभर उमस रहने के बाद शाम को बदला मौसम का मिजाज

# तेज हवा के साथ लगभग 1 घंटे तक हुई रुक-रुककर तेज बारिश, तापमान गिरा

मौसम जानकारों का कहना है पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। इस सप्ताह ऐसे ही बना रहेगा मौसम, उसके बाद तापमान में फिर से होगी वृद्धि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास



मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। मंगलवार शाम 5 बजे अचानक मौसम बदला और आसमान में काले बादल छा गए। वही शाम 6 बजे तेज हवा के साथ करीब 1घण्टे रुक रुककर तेज बारिश होती रही जिसके बाद सड़के तरबतर हो गई। इसके पहले सुबह से तेज गर्मी का दौर जारी था। दोपहर के समय तो गर्मी अपने चरम पर थी।मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 37 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर शाम को कुछ देर तक हुई बारिश के बाद मौसम में ठंडक घुल गई और गर्मी से भी बहुत हद तक राहत मिली। मौसम जानकारों का कहना है पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। आगामी चार दिनों तक ऐसे ही मौसम बना रहेगा। उसके बाद तापमान में फिर से वृद्धि होगी।भीषण गर्मी के बीच अचानक बदले मौसम से लोगों को हैरानी में डाल दिया है। असल में, मई की शुरुआत से पूरे प्रदेश में आंधी-बारिश का सिस्टम बना हुआ है। बारिश से सबसे ज्यादा परेशानी किसानों को हुई है, क्योंकि तमाम किसानों की फसल कटकर खलिहान में रखी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले हफ्ते से सिस्टम के कमजोर होने से फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा. तापमान में वृद्धि के साथ गर्मी का असर तेज हो सकता है. लेकिन फिलहाल अभी अगले 3-4 दिनों तक बारिश और ओलों से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन के चलते अगले 3 दिन तक दक्षिण-पश्चिमी और दक्षिण-पूर्वी हवाओं के साथ नमी आती रहेगी। इसके प्रभाव से 15-16 मई तक मौसम का मिजाज इसी तरह देखने को मिल सकता हैं।इस दौरान 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती हैं। हालांकि अगले हफ्ते से सिस्टम के कमजोर होने से फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। तापमान में वृद्धि के साथ गर्मी का असर तेज हो सकता है। 17 मई से लू का असर देखने को मिल सकता है।



# तड़के भिड़े दो वाहन, आग लगने से सामान जला

## आग बुझते ही बोरे में भरकर सामान ले गए लोग



**देवास।** वाहनों में लगी आग बुझने के बाद सामान समेटने में जुटे लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

सोमवार को भीषण सड़क हादसे के चलते दो ट्रक की टक्करों के बाद दोनो ही आग की चपेट में आ गए थे। दमकलकर्मियों की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया।

मंगलवार को वाहन में रखा सामान उठाने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। ट्रकों में रखा सामान लोग बोरों में समेटकर ले गए। बताया जा रहा है कि चलते राहगीरों ने भी यह मौका नहीं छोड़ा और उन्होंने भी सामान उठा लिए। वाहन में अधिकांश छोटे बर्तन के साथ अन्य सामान रखा हुआ था।दरअसल बायपास पर मक्सी रोड चौराहा और भोपाल रोड चौराहा के बीच ट्रक और कंटेनर की आमने सामने भिड़ंत होने के बाद दोनों वाहनों में आग भड़क उठी थी। भीषण सड़क हादसे में कंटेनर चालक जिंदा जल गया, जबकि ट्रक चालक करीब 15 प्रतिशत तक झुलस गया। जिसे इंदौर रेफर किया गया था। सोमवार तड़के 3.30बजे भोपाल मक्सी बायपास पर आईशर और कंटेनर की भिंड़त के चलते दोनो वाहनों में भीषण आग लग गई। हादसे में कंटेनर चालक की दर्दनाक मौत हो गई।

सुपारी से भरा आईशर और बर्तन इलेक्ट्रिक सामानों से भरे कंटेनर के बीच भीषण टक्कर हो गई, टक्कर होने से कंटेनर का डीजल टैंक फट गया जिसके चलते दोनों वाहन आग की चपेट में आ गए। जानकारी अनुसार कंटेनर मक्सी भोपाल बायपास फोरलेन पर कंटेनर रॉन्ग साइड से आ रहा था। जो सही दिशा में आ रही आईशर से टकरा गया। आग पर काबू पाने में लगभग 4 से 5 घण्टे का समय लग गया। हादसे की सूचना पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुँची। करीब 20 दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

# स्थापना दिवस पर वरिष्ठजनों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास




अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद डबकरा के निर्देशानुसार संगठन का 21 वां स्थापना दिवस प्रत्येक नगर में मनाया गया। इसी कड़ी में पोरवाल युवा संगठन जिला देवास द्वारा समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान कर एवं वाहन रैली निकालकर 11 मई को संगठन का 21वां स्थापना दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि पोरवाल युवा संगठन के संस्थापक राजेंद्र संघवी पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवकुमार संघवी, पोरवाल समाज देवास संरक्षक अजय गुप्ता, समाज अध्यक्ष डॉ. रजनीश पोरवाल, ऐद्रनाथ गुप्ता, अनंत नारायण पोरवाल, कांतिलाल पोरवाल, राजेन्द्र पोरवाल थे। आयोजन की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अशोक पोरवाल द्वारा की गई। स्वागत उद्बोधन जिलाध्यक्ष अंकित गुप्ता ने दिया।

अतिथियों ने उद्बोधन में समाज की एकता एवं युवा संगठन द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की एवं समाज में युवा शक्ति का महत्व बताया और पोरवाल समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश गुप्ता, नन्दलाल मुजावदिया, के.सी. गुप्ता, सत्यनारायण संघवी, ओमप्रकाश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, शांतिलाल पोरवाल, राधेश्याम धनोतिया, सुरेश घड़िया ,विजय घाटिया, सुरेश फरक्या,प्रकाश मुजावदिया, दिनेश धनोतिया,राजेंद्र गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, कैलाश रत्नावत,महेश पोरवाल, सीए कमलेश धनोतिया, मनोज संघवी, दशरथ धनोतिया ,पीयूष पोरवाल, कान्हा फरक्या, निलेश गुप्ता, हर्षद घड़िया, नवीन संघवी, मोहित गुप्ता, अभिषेक पोरवाल, अजय रत्नावत, सुमित दानगढ़, मयंक गुप्ता, दीपक पोरवाल ,हिमांशु सेठिया, राजेश संघवी, आकाश मुजावदिया, उमंग घाटिया एवं समाज की मातृशक्ति भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

समाज के संरक्षक अजय गुप्ता द्वारा सभी समाज बंधुओ को मतदान अवश्य करने की शपथ दिलाई साथ ही प्रसिद्ध भजन गायक श्री द्वारका मंत्री का अभिनन्दन राजेन्द्र संघवी एवम् युवा साथियो द्वारा किया गया। इस अवसर पर द्वारका मंत्री द्वारा सुमधुर भजन सुनाए एवं आरती संपन्न की एवं अंत में वाहन रैली निकाली गई जिसमे सभी बंधुओ ने हर्षोल्हास के साथ भाग लिया।

# सेन थॉम अकादमी के छात्रों का सीबीएसई दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास



सेन थॉम के छात्रों का सीबीएसई दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में रहा उत्कृष्ट प्रदर्शनदेवास। सेन थॉम अकादमी, भोपाल रोड के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार परिणाम के साथ परिश्रम और विद्वत्तापूर्ण ऊर्जा का अविश्वसनीय प्रदर्शन किया।बारहवीं कक्षा में, तेजस जहागिरदार (विज्ञान स्ट्रीम) ने 96.2% के साथ पहला स्थान हासिल किया।

उसके बाद प्रतिभा परमार (ह्यूमैनिटीज) ने 92%, नवीन पाटीदार 91.6,% और यजुरवा सोनी 90.2% ने स्थान हासिल किए। कुल मिलाकर 24 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और 36 छात्रों ने 75% और उससे अधिक अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की।दसवीं कक्षा के नतीजों में भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 20 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक, 72 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक तथा 100 विद्यार्थियों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किये। देवांशी मेहता 96.6% के साथ अव्वल रही। वही अदृशा यादव 95.8%, भूमि यादव 94.8%, भूमिक बंसल और राशि जैन 94%अंक अर्जित किए।प्रबंधन ने सभी छात्रों को कक्षा 10वींऔर 12वीं के बोर्ड परिणामों में शानदार प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी और सराहना की।

# तेंदूपत्ता तुड़ाई को लेकर वन विभाग ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶बागली



प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गर्मी के सीजन में तेंदूपत्ता का कार्य 16 मई से प्रारंभ होने वाला है, इस संबंध में जिले में मुख्य वन संरक्षक वन उज्जैन की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित की गई। जिमसें 16 मई से तेंदूपत्ता तुड़ाई कार्य प्रारंभ करने का कहा गया।

तेंदू पत्ते की उच्चतम क्वॉलिटी मेंटेन रखने हेतु परिक्षेत्र बागली में मंगलवार को मुख्य वन संरक्षक उज्जैन एवं वन मंडल अधिकारी देवास के निर्देशन में उप वनमंडल बागली अधिकारी अमित सोलंकी एवं परीक्षेत्र अधिकारी बागली गजानंद बिरला कि उपस्थिति में उप वन मंडल कार्यालय बागली में बैठक रखी गई, जिसमें पत्ते क्वालिटी एवं क्वांटिटी मेंटेन रखने हेतु निर्देश दिए गए एवं प्रत्येक गड्डी में 50 पत्ते होना सुनिश्चित करने के साथ हितग्राहियों के कार्ड पर प्रत्येक दिन एंट्री करने एवं साप्ताहिक भुगतान होना सुनिश्चित किया गया। उक्त कार्य की ग्रामीणों को के बीच जागरूकता लाकर पत्ता तोड़ने और 4 हजार रुपये मानक बोरा की दर से पत्ता खरीदने की जानकारी दी गई।

प्राथमिक लघु वनोपज समिति बागली का इस वर्ष 1000 मानक बोरा लक्ष्य है।तेंदूपत्ता गर्मी के माह में ग्रामीणों के लिए मुख्य रोजगार का साधन होता है, जिसकी आय से ग्रामीण बारिश के मौसम मे बुआई रकरते हैं। वन विभाग द्वारा आयोजित की गई बैठक के दौरान सभी वन विभाग के कर्मचारी व अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# दसवीं सीनियर पेंचक सिलाट राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हुई संपन्न, देवास बना चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास




स्वास्तिक परिसर भोपाल रोड पर आयोजित दसवीं सीनियर पेंचक सिलाट प्रतियोगिता का आयोजन 11, 12 मई 2024 को हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के 13 जिलों ने भाग लिया और अपने-अपने वर्ग समूह में खिलाड़ियों ने सराहनीय प्रदर्शन कर स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक अर्जित किया। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन ओडिशा भुवनेश्वर कीट यूनिवर्सिटी में 10 जून से 13 जून तक आयोजित 12 वीं सीनियर पेंचक सिलाट राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता की निर्णायक टीम में गौरव पांडे, रोहित श्रीवास, सुदर्शन शेगांवकर, राजेंद्र विश्वकर्मा, अमन रिटोलिया रहे। दसवीं सीनियर पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में 13 गोल्ड के साथ में देवास जिला मध्य प्रदेश का ओवरआल चैंपियनशिप बना। दूसरे नंबर पर 10 स्वर्ण पदक के साथ में भोपाल रहा और तीन स्वर्ण पद के साथ तीसरा स्थान इंदौर का रहा। प्रतियोगिता में बेस्ट फाइटर भोपाल की रितिका कुशवाहा बालिका वर्ग में और बालक वर्ग में देवास के सौरभ गौतम के नाम रहा। बेस्ट रेफरी का अवार्ड लक्ष्मी मालवीय को मिला। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों का तीन दिवसीय कैंप आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का संचालन चित्रांश पुराणिक और आभार गौरव पांडे ने माना।

## कथा के तीसरे दिन वामन अवतार का वर्णन सुनकर श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

# जिसका लक्ष्य प्रबल है, उसे परमात्मा अवश्य मिलते हैं: पं. शास्त्री






हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

जिसका लक्ष्य प्रबल होता है, उसे परमात्मा अवश्य मिलते हैं। जैसे कुम्हार मटके को ठोक बजाकर देखता है, पकाने के बाद कि इसमें कोई कमी तो नहीं रह गई हैं, ऐसे ही परमात्मा हमें ठोक बजाकर परीक्षा लेता है, कि मेरा भक्त सच्चा है या नहीं। मेरे भक्त में भाव भी है या नहीं। गोविंद उन्हें ही प्राप्त होते हैं जो निष्कपट होते हैं।यह विचार भोपाल रोड स्थित आंवलिया पिपलिया में श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन पं. अजय शास्त्री सिया वाले ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जब काल आएगा तो परमात्मा के अलावा कोई बचाने नहीं आएगा। जितने भी नाते-रिश्ते हैं सब झूठ है, इसलिए उठते बैठते, जागते-सोते परमात्मा की भक्ति करते रहे। गहरी नींद में भी परमात्मा को पुकार लेना, वह गले से लगा लेगा। उन्होंने कहा कि हम अपने बच्चे, माता-पिता, पत्नी, रिश्तेदार की तो प्रतीक्षा करते हैं, कि कब आने वाला है, लेकिन परमात्मा की प्रतीक्षा नहीं करते। सांसारिक नाते-रिश्तों के साथ-साथ अगर हम परमात्मा की प्रतीक्षा करें, उससे नाता जोड़ ले तो 84 लाख योनियों के भटकाव से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं। जोड़ना ही है तो परमात्मा से रिश्ता जोड़ लीजिए। परमात्मा से रिश्ता कभी नहीं टूटेगा। पं.शास्त्री ने कहा कि जो धर्मात्मा है उसे परमात्मा की शरण मिल ही जाती है। जो धर्म और सत्य के मार्ग पर चलता है, उसे दुख तो आता ही है। अगर दुख भगवान ने दिया है तो सुख भी भगवान ही देगा, इसलिए सुख की प्रतीक्षा करें सुख अवश्य मिलेगा। पं. शास्त्री ने तीसरे दिन वामन अवतार की भावपूर्ण व्याख्या कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।आयोजन समिति के बाबूलाल शर्मा, संजय शास्त्री, अनिल सर सहित धर्मप्रेमियों ने पूजा-अर्चना कर आरती की। सैकड़ों धर्मप्रेमियों ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ लिया।

# मां चामुंडा सेवा समिति दानदाताओं ने भोलेनाथ गोशाला में पंखे किए भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा गो सेवा करते हुए भोलेनाथ मंदिर गोशाला बालगढ़ रोड पर गो माताओं को भीषण गर्मी में राहत प्रदान करने के लिए मंगलवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की जिला संचालिका ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी, संत मोनी बाबा, मदन मोहन दास, समाजसेवी नरेंद्र मिश्रा के मुख्यातिथ्य में समिति के दानदाता समाजसेवी राजेश बंसल, आनंद गुप्ता,उम्मेदसिंह राठौड़, मीरा सोनवलकर, एके चौहान, के के गर्ग, उत्तम पिशाल ने 11 पंखे भेंट किए गए। ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गाय की सेवा करना उनकी देखभाल करना उनकी रक्षा करना मानव का परम कर्तव्य है। क्योंकि गो माता में ही हमारे 33 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है। इस अवसर पर मां चामुंडा सेवा समिति के संयोजक समाजसेवी रामेश्वर जलोदिया, नरेंद्र मिश्रा, रामचंद्र चौधरी, इंदरसिंह गौड़, दिनेश सांवलिया, रमेश पटेल,संजय पानसरे, शिवनारायण पाठक, किशोर चौधरी, दिलीप विजयवर्गी, रमेश पांचाल,, मूलचंद चौधरी, हेमलता बहन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालक रामेश्वर जलोदिया ने किया। आभार उम्मेद सिंह राठौड़ ने माना।

## खबर संक्षेप

### निर्मला ने वर्षीतप की तपस्या की पूर्ण

**आष्टा।** अक्षय तृतीया पर आचार्य जिनेंद्र मुनि एवं बदनावर श्री संघ की उपस्थिति में तपस्वी निर्मला दिलीपकुमार संचेती ने दूसरे वर्षीतप के पारणे की बदनावर में गन्ने के रस से पूर्णाहुति की। बदनावर में लगभग 300 तपस्वियों के वर्षीतप के पारणे संपन्न हुए। संचेती 2 साल से वर्षीतप को कर रही थीं। पूर्व में भी कई बड़ी तपस्या उन्होंने की है। इस अवसर पर बदनावर श्रीसंघ, अणु परिवार और रतलाम पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने संचेती सहित सभी तपस्वियों के तप की अनुमोदना कर बधाई दी।

### 12 दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

**आष्टा।** 12 दिवसीय समर कैंप का रविवार को उत्कृष्ट विद्यालय आष्टा, सीएम राइस स्कूल जावर में समापन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। दरअसल मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशानुसार सीएम राइज शासकीय उमावि जावर में 12 दिवसीय समर कैंप का समापन उत्साह, उमंग और आनंदमयी वातावरण में संपन्न हुआ। प्राचार्य नितिन कुमार कौशल ने बताया कि समर कैंप के समापन अवसर पर अपनी अपनी विधा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रोत्साहित भी किया गया। इस दौरान उप प्राचार्य अजय मिश्रा, गजेंद्र विश्वकर्मा, पवन राठौर, मुनेंद्र सिंह तोमर, अकबर सिद्दीकी, लोकेंद्र सिंह ठाकुर, कमलेश खत्री, रोहित मालवीय, हर्षवर्धन नामदेव, धर्मेंद्र खत्री, कमलेश्वर कुशवहा, बलवान सिंह,दीपक बागवान, संतोष कुमार, मनोज कुमार, मनोहर सिंह सहित पालकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### 1117.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**सीहोर।** जिले में गत दिवस बीते 24 घंटे में प्रातः 08 बजे तक 5.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 7.0 मिलीमीटर, श्यामपुर में 7.0, आष्टा में 16.0, जावर में 0.0, इछावर में 3.0, भैरूंदा में 7.0, बुधनी में 2.0, रेहटी में 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 01 जून से 13 मई प्रातः 8 बजे तक 1117.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 1755.4 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है।

### मतदान संपन्न होने पर जताया आभार

**सीहोर।** सोमवार को चौथे चरण का मतदान संपन्न होने के साथ ही सीहोर जिले सहित मध्यप्रदेश में मतदान संपन्न हो गया। सीहोर सहित पूरे मध्यप्रदेश में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने एवं अच्छे मतदान प्रतिशत के लिए जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने मध्यप्रदेश की देवतुल्य जनता जनार्दन सहित मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग और जिला पुलिस और प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ने पर सभी के सामूहिक प्रयासों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के योगदान की तारीफ की । पंकज शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार शुरू के 2 चरणों में मतदान का प्रतिशत कम रहा था उसके बाद सभी की सम्मिलित कोशिशों से मतदान प्रतिशत में भारी उछाल देखा गया और ये सब कुछ शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

## देवास लोकसभा के आष्टा विधानसभा में शांतिपूर्ण मतदान हुआ संपन्न

# मतदान के लिए बनाए गए 335 केंद्रों पर लगी रही लंबी-लंबी कतारें, मतदान करने युवाओं के साथ वृद्धजनों में दिखा उत्साह





चौथे चरण में देवास लोकसभा क्षेत्र के आष्टा में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से प्रारंभ हुआ। 335 मतदान केंद्र बनाए गए थे। सुबह से ही अधिकांश मतदान केदो पर मतदाताओं की लंबी लाइन लगी हुई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर/सिद्धिगंज/कोठरी



देवास संसदीय क्षेत्र के आष्टा विधानसभा क्षेत्र में आज मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। आष्टा विधानसभा में 335 मतदान केंद्र बनाए गए थे। सुबह से ही अधिकांश मतदान केदो पर मतदाताओं की लंबी लाइन लगी हुई है। आष्टा विधानसभा में मतदान का 65 प्रतिशत रहा। बता दे की चौथे चरण में देवास संसदीय क्षेत्र में मतदान हुआ आष्टा विधानसभा देवास लोकसभा में आता है आज सोमवार को सुबह से ही मतदाताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है मतदान केदो पर मतदाताओं की लंबी लाइन लगी हुई है। जावर क्षेत्र में भी शांतिपूर्वक मतदान हुआ।आष्टा विधानसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत रहा।

### मतदाताओं की लगी लंबी लाइन

चौथे चरण में देवास लोकसभा क्षेत्र के आष्टा में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से प्रारंभ हुआ । जावर नगर के एक मात्र थर्ड जेंडर द्वितीय लिंग आलिया जान ने अपने मत का प्रयोग किया, शहर के उत्कृष्ट विद्यालय, कन्या शाला, बुधवारा हाई स्कूल मतदान केदो पर सुबह 7 बजे से ही मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई थी। तहसीलदार पंकज पवैया ने भी अपने मताधिकार का आज प्रयोग किया। शहर के उत्कृष्ट विद्यालय में मतदान केंद्र पर पहली बार मतदान करने पहुंची अमीसा परमार, आकाश पांचाल ने बताया कि हमने पहली बार मताधिकार का प्रयोग किया है और हमें बड़ी खुशी हो रही है कि हम नई सरकार चुनने में सहभागीता निभा रहे हैं। कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह जिला पुलिस अधीक्षक मयंक भी आष्टा विधानसभा के कोटरी, सिद्धिगंज सहित कई मतदान केंद्र पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### विधायक की समझाइस पर माने ग्रामीण

ग्राम नानजीपुरा में जिला भाजपा अध्यक्ष, विधायक, जिला भाजपा महामंत्री, नगर भाजपा अध्यक्ष आदि मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए। चुनाव बाद समस्या का निराकरण कराने का विश्वास दिलाया।

### मरदाखेड़ी में ग्रामीणों ने किया बहिष्कार

आष्टा विधानसभा के मरदाखेड़ी में ग्रामीणों ने किया मतदान का बहिष्कार गांव में 413 वोट है हर बार ग्रामीणों को आश्वासन मिलता है आष्टा से मर्दाकेडी का रोड आजादी के बाद से अभी तक नहीं बन पाया ग्रामीणों का कहना है कि रोड नहीं तो वोट नहीं। विधानसभा चुनाव में भी ग्रामीणों ने किया था मतदान का बहिष्कार तब अधिकारियों और नेताओं ने दिया था आश्वासन लेकिन फिर भी आज तक रोड नहीं बन सका।

### पीठासीन अधिकारी, पोलिंग एजेंट के बीच विवाद

आष्टा के बुधवारा स्कूल में स्थित मतदान केंद्र पर 191 पोलिंग के पीठासीन अधिकारी और पोलिंग एजेंट के बीच विवाद, पुलिस प्रशासन और नायब तहसीलदार चंचल जैन मौके पर एजेंट का आरोप की वोट नहीं डालने से रहे सरकारी पर्ची होते हुए भी, पीठासीन अधिकारी का कहना सरकार द्वारा 12 में से कोई 1 आईडी दिखाना अनिवार्य।

### ग्राम सिद्धि गंज में 75 प्रतिशत हुआ मतदान, 110 वर्ष के वृद्ध ने किया मतदान



**सिद्धिगंज।** ग्राम सिद्धि गंज में ग्रामीणों ने बड़े उत्साह के साथ मतदान किया। ग्राम के मोहनलाल पिता पन्नालाल आयु 110 वर्ष द्वारा मतदान केंद्र पर जाकर मतदान किया। ग्राम के सभी मतदान केंद्र पर शांतिपूर्वक मतदान हुआ। ग्राम धर्मपुरी मतदान केंद्र पर ग्रामीणों द्वारा अपने गांव की समस्या को लेकर चुनाव का बहिष्कार किया गया था। ग्राम धरमपुरी के मतदाताओं द्वारा 12:00 बजे तक पोलिंग पर एक भी वोटिंग नहीं की गई थी। तभी अनु विभाग के अधिकारी व प्रशासन द्वारा तहसीलदार व जनपद पंचायत सीईओ द्वारा ग्रामीणों की समस्या को पूरा करने के लिए कहा गया। तब भी ग्रामीणों द्वारा मतदान नहीं किया गया। कुछ समय बाद जनपद पंचायत सीईओ द्वारा ग्रामीणों की ग्रामीणों की समस्या शांतिपूर्वक सुनी गई और सभी समस्या का निराकरण करने के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिया। बताया गया कि जल्दी ही आपकी सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। गांव में विकास किया जाएगा ग्राम के लोगों द्वारा बताया गया कि सबसे बड़ी समस्या धर्मपुरी घाटी की है जिसमें हम ग्रामीणों को बरसात के दिनों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जनपद पंचायत को द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द ही 5 से 6 दिनों में रोड की मरम्मत व निर्माण कार्य चालू कर दिया जाएगा। जल्द ही आपकी समस्या का निराकरण किया जाएगा कुछ समय पश्चात ग्रामीणों द्वारा जनपद पंचायत सीईओ के आश्वासन पर मतदान शुरू किया।

### नव युवाओं ने बढ़ चढ़कर वोट डाले, शान्ति पूर्वक हुआ मतदान

**जावर।** युवा मतदाताओं ने मिलकर सभी बुजुर्ग महिला पुरुष को मतदान करवाया और बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। लोकसभा चुनाव को लेकर नगर व गांव में त्योहार की तरह मनाया गया। सभी नव युवा पीढ़ी नए मतदाताओं ने भी अपना अमूल्य वोट डाला और सभी मतदाताओं ने भी लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में हिस्सा लिया।



### कोठरी नगर परिषद में हुआ 79 प्रतिशत मतदान




**कोठरी।** लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार मतदान नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चुनाव आयोग से लेकर पूरा प्रशासन 13 मई में को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए अनेको प्रकार के आयोजन किए गए हैं। इस दौरान मतदाता को जागरूक करने के लिए रंगोली चित्रकला रैली नुक्कड़ नाटक कठपुतली नाटक आदि के माध्यम से मतदान करने की अपील की गई है नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं नगर वासियों को मतदान करने हेतु जागरूक करने के लिए घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र देकर एवं पीले चावल देकर आग्रह किया गया हैं लोगों के बीच में बैठकर मतदान करने की अपील की हैं कि हमारे विकास के लिए मतदान करना अति आवश्यक है इस दौरान तो कई जगह नौकर नाटक के माध्यम से मतदान करने की अपील की जा रही है। नपा के अधिकारी एवं कर्मचारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लगातार लोगों को जागरूक करने के लिए प्रयास भरपूर प्रयास किया गया हैं। महिला हो या पुरुष के बीच बैठकर उनसे मतदान करने की अपील की जा रही है। तो घर-घर जाकर पात्रता पर्ची के साथ-साथ मतदान करने के लिए निमंत्रण भी दिए गए। मुख नगर पालिका अधिकारी नरेंद्र जाटव ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग नगर परिषद कोठरी में 79% मतदान पूर्ण हुआ है नगर परिषद कोठरी के आदर्श मतदान केंद्र जो की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठरी में बनाया गया था जिसका निरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर महोदय तथा जिला अधीक्षक महोदय द्वारा निरीक्षण किया गया।



**खाचरोद।** ग्राम पंचायत रोल गांव में जगदीश जलवाया की दुल्हन बनी दोनों बेटियों ने अपने परिवार के साथ केंद्र पर पहुंचकर किया मतदान।

### युवाओं में दिखा उत्साह



**आष्टा।** पहली बार अपने मत अधिकार का किया उपयोग।



**आष्टा।** बीमारी और उम्र भी मतदान करने से नहीं रोक सकी।



**आष्टा।** युवा मतदाताओं ने भी किया अपने मत का उपयोग।



**आष्टा।** ग्राम मोलुखेड़ी में दूल्हे ने पहले किया मतदान।



**आष्टा।** मतदान कर लौटे परिजनों के चेहरे पर नजर आई खुशी।



**आष्टा।** परिवार के साथ पहुंचकर किया मतदान।

## सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में आचार्य समय सागर महाराज को किया श्रीफल भेंट

# आष्टा में चातुर्मास को लेकर समाजजनों ने की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संत शिरोमणि समाधि सम्राट आचार्य विद्यासागर महाराज के स्थान पर आचार्य बने परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज को धर्ममय आष्टा नगर में चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट करने सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर आष्टा दिगंबर जैन समाज का प्रतिनिधि मंडल 11 मई दिन शनिवार रात्रि 8 बजे जैन धर्मशाला से स्लीपर कोच बस द्वारा प्रस्थान कर कुंडलपुर पहुंच कर समाज अध्यक्ष आनंद पोरवाल के नेतृत्व में श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया। श्री दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल एवं मुनि सेवा समिति अध्यक्ष संदीप जैन ने बताया कि 11 मई को आष्टा से कुंडलपुर के लिए रवाना होकर 12 मई को आचार्य समय सागर महाराज को आष्टा में चातुर्मास करने श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया। आनंद पोरवाल, कैलाशचंद जैन चित्रलोक, संदीप जैन, धीरज जैन, मुकेश जैन, प्रमोद जैन, शरद पोरवाल, इंजीनियर प्रशाल जैन, अवि जैन, धीरज जैन, पीयूष जैन सहित समाज के सैकड़ों लोगों ने कुंडलपुर यात्रा का लाभ लेने के साथ ही सिद्ध क्षेत्र की वंदना करते हुए बड़े बाबा के मनोहारी दर्शन तथा नवाचार्य श्री समय सागर जी महाराज एवं अनेक मुनि,आर्यिका संघ के दर्शन लाभ लिया।



# आंधी-तूफान के साथ हुई तेज बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मई की भीषण गर्मी के बीच शाम को मौसम ने अचानक करवट बदली तेज हवा आंधी के साथ बारिश हुई बारिश से पूरा आंचल तरबतर होता रहा रिमझिम बारिश सुबह 7 बजे तक होती रही। बता दे कि रविवार को दिनभर तो भीषण गर्मी रही लेकिन शाम 6 बजे बाद अचानक मौसम बदला और हवा आंधी के साथ रात भर क्षेत्र में बारिश होती रही। बारिश के कारण आधे शहर की रात भर बिजली गुल रही क्षेत्र में करीब 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने से गांव में कई पेड़ गिर गए। इससे अवागमन भी बाधित हुआ हालांकि इसमें किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सड़कों से गुजरने वाले वाहन चालकों को धूल के कारण वाहनों को रोकना पड़ा करीब आधे घंटे धूल भरी हवा चली हवा आंधी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा नुकसान की खबर है, इस कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली गुल रही इधर बिजली गुल होने से लोग गर्मी से बेहाल नजर आए। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आगामी तीन-चार दिन मौसम ऐसे ही रहने की संभावना जताई जा रही है। बारिश से मौसम में ठंडक घुली मई माह के शुरुआत में से ही भीषण गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया है,रविवार को भी तेज गर्मी के कारण लोग परेशान थे। लेकिन शाम 6 बजे बाद हवा आंधी के साथ हुई बारिश में मौसम में ठंडक कर दी यह जरूर है कि लोग उमस के कारण परेशान नजर आए।

## नेशनल हाईवे पीलूखेड़ी जयपुर जबलपुर हाईवे पर भीषण हादसा

# कार से टकराकर आर्मी का ट्रक बस से भिड़ा, जवान सहित 3 की मौत, 17 घायल

**पुलिस और ग्रामीणों ने सभी पैसेंजरों को गाड़ी से बाहर निकाला**


**भोपाल जा रही कमला बस की स्पीड भी थी काफी तेज, वहीं आर्मी ने नहीं दी कोई भी स्पष्ट जानकारी, मीडिया से बनाए रखी दूरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-कुरावर

नेशनल हाईवे पीलूखेड़ी जयपुर जबलपुर हाईवे पर सोमवार सुबह तकरीबन 9 बजकर 30 बजे के लगभग आर्मी वाहन को




ओवर टेक करती हुई कार के टकराने से आर्मी ट्रक डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी ओर जाने से और बस से टकराने से 3 लोगों की मौत और 17 लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार भोपाल जा रही कमला बस का एक्सीडेंट उस समय हुआ जब दूसरी ओर डिवाइडर तोड़कर आने वाले आर्मी वाहन बस से जा टकराया । इस घटना में आर्मी जवान सहित दो पैसेंजर की मौके पर मौत हो गई व अन्य 17 घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने एक्सीडेंट को देखते हुए सभी पैसेंजरों को गाड़ी से बाहर निकाला यथा स्थिति को समझते हुए थाना कुरावर को सूचना दी थाना प्रभारी एवं अन्य स्टाफ को लेकर मौके पर पहुंचे आर्मी हेडक्वार्टर आर्मी जवानो के कमांडर भी मौके पर आए गाड़ी का सुप्रतनामा बना कर थाना प्रभारी को देकर गाड़ी को अपने साथ ले गए थाना कुरावर जांच में जुटा।



### इन तीन लोगों की हुई मौत

कुरावर थाना प्रभारी मेहताब सिंह के अनुसार, हादसे में बस क्लीनर ओम कोरी निवासी गुना की मौके पर ही मौत हो गई वहीं, एक अन्य घायल बस यात्री हरिओम शिवहरे निवासी नरसिंहगढ़ और आर्मी से कृष्ण दत्त की मौत की पुष्टि हो चुकी है। कार सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। थाना प्रभारी सिंह ने बताया कि 17 घायलों में सेना के 3 जवान शामिल हैं। उनका इलाज भोपाल के आर्मी हॉस्पिटल जबकि अन्य घायलों का इलाज हमीदिया अस्पताल में चल रहा है। पहले 5 लोगों की मौत की सूचना थी, जांच के बाद स्पष्ट हुई स्थिति हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल था। प्राथमिक जानकारी में पुलिस ने सेना के दो जवान समेत 5 लोगों की मौत की बात कही थी। घटनास्थल और घायलों की जांच के बाद पुलिस और सेना के अधिकारियों ने मृतकों की संख्या को लेकर स्थिति स्पष्ट की।

**इनका कहना है...**

3 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जिसमें एक आर्मी सैनिक शामिल हैं एवं 17 लोग घायल हैं।

**मेहताब सिंह ठाकुर, टीआई कुरावर**

### आइए जानते हैं मामला क्या है

*एक्सीडेंट की खबर लगते ही आसपास के दुकानदार ग्रामीण क्षेत्र से पता चला है की भोपाल से आ रहे आर्मी जवानों के वहांन जो की ओसवाल डेनिम का ब्रिज क्रॉस करते हुए नेशनल हाईवे के बीच बना एक गड्ढे को बचाने को लेकर आर्मी का जवान गाड़ी को दोनों रोडो के डिवाइडर पर चढ़ा दिया जिससे पीछे लगे आ रही क्रेटा और स्कॉर्पियो वाहर साइड से निकले लेकिन जब आर्मी जवानों का वाहन अपनी दिशा नियंत्रण खोकर रोड पर बने डिवाइड से चड़ती हुई लेफ्ट साइड के रोड पर जा खड़ी हुई। और ब्यावरा से आ रही कमला ट्रेवल्स जो की स्पीड में थी काफी ब्रेक लगाने के बाद भी गाड़ी को कंट्रोल नहीं कर पाए बस जाकर सीधी आर्मी के वहांन से टकराते हुवे सर्विस रोड क्रॉस करते हुए पानी की नली को तोड़ते हुए क्षेत्रीय मैदान पर जा खड़ी हुई जिसके चलते मौके पर ही दो पैसेंजर और वाहन चालक जो आर्मी जवान चल रहे थे उनमें से एक की मौत हो गई अन्य घायल हो गए मौके पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने तत्काल थाना कुरावर को सूचना दी और वहांन से मृत लोगों को बाहर निकाला तुरंत नजदीक हॉस्पिटल कुरावर में इलाज के लिए पहुंचाया वहा से डॉक्टर नरेश गवली जी द्वारा भोपाल रेफर कर दिया गया । अब सवाल यहां उठता है भोपाल से आ रहे आर्मी जवानों के ट्रक क्या ड्राइवर चला रहा था या ट्रेनिंग वाले जिन्हें गाड़ी चलाना नहीं आता वह गाड़ी चला रहे थे लेकिन यहां तो नेशनल हाईवे है गाड़ियां सब अपनी दिशा में जाती हैं देखने में आया है और सूत्रों से जानकारी मिली है आर्मी जवानों के जो ट्रक भोपाल से आ रहे थे वाहन चालक गढ़ों को बचाने के चक्कर में अपनी दिशा खोते हुए लेफ्ट साइट के ड्राइवर डिवाइडर से टकराते हुए दूसरे रोड पर जा खड़ा हुआ अब इसमें साफ-साफ दिखाई देता है कि गलती आर्मी जवानों की है जिसका खामियाजा आम नागरिको भुगतना पड़ रहा है इनकी गलतियों का खामियाजा कहे या नासमझी ये तो वाहन चालक ही बता सकता है लेकिन छोटी सी गलती की वजह से तीन की मौके पर मौत हो चुकी है और अन्य घायल हुए।*

## तय मार्किंग के बाहर आई दुकानें

# राजगढ़ में फिर सड़क पर आया सब्जी मार्केट, नपा की अनदेखी



सब्जी विक्रेताओं को आगम किया था कि अपनी दुकान लाइन के अंदर ही लगाएं, लेकिन कुछ दिन तो इसका पालन हुआ और हालात पुनः उसी ढर्रे पर आ गए हैं।

**राजगढ़।** करीब दो माह पूर्व नगर पालिका परिषद ने राजगढ के मेन मार्केट की सड़क पर डामरीकरण कार्य करवाया था। इसका मुख्य उद्देश्य अभी था की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हो पाए। इसके लिए बाकायदा बिरसा मुंडा चैराहे से लेकर रानी लक्ष्मी चैराहे तक सेंट्रल मार्किंग सहित साइड मार्किंग भी करवाई गई थी।नगर पालिका ने सब्जी विक्रेता लाइन के बाहर आकर अपनी दुकानें लगा रहे हैं। दरअसल, नपा ने आज तक किसी का कोई चालान काटा ही नही। यही कारण है की दुकानदार निर्देशों को हल्के में लेकर दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। नपा सीएमओ पवन से स्थानीय लोगों ने मांग की है की नियमो का पालन सुनिश्चित करवाया जाए, अन्यथा यहां बड़ी घटनाएं हो सकती हैं।

# कर्जदारों से परेशान युवक ने खाया जहरीला पदार्थ



**सारंगपुर ।** सूदखोरों से परेशान लोग आए दिन जहरीले पदार्थ का उपयोग कर रहे हैं कुछ लोग बच जाते हैं और कुछ लोग काल के गाल में समा जाते हैं ऐसा ही एक मामला सारंगपुर निवासी युवक का सामने आया है । कर्जदारों और वाहन मालिक से परेशान होकर एक युवक ने खाया जहरीला पदार्थ। शाजापुर जिला अस्पताल में उपचार जारी। सोनू मंसूरी ने बताया कि चार कर्जदारों और वाहन मालिक से परेशान होकर उसने ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे परिजन उपचार के लिए सारंगपुर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों द्वारा युवक को प्राथमिक उपचार देने के बाद हालत बिगड़ने पर युवक को शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां पर सोनू मंसूरी का उपचार जारी है। अब लोगों को इस मामले में पुलिस की कार्रवाई का इंतजार है।

# 'मातृ दिवसः वो मां ही है जिसने इस संसार की खूबसूरत रचना की है, संघर्ष में हार नहीं मानती'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहीद कॉलोनी स्थित सेवाकेंद्र पर मातृ दिवस (मदर्स डे ) 12 मई रविवार 2024 शाम को 7 बजे कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी और देव दीदी ने सभी मातृ शक्तियों का तिलक, पुष्प गुच्छे एवं दुपट्टा और ताज पहन कर सम्मान किया ।

सभी मांओं ने प्रेम की दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ लिया। इस मौके पर लक्ष्मी दीदी ने माता के सम्मान में उनकी महिमा



करते हुए कहा की सबसे बड़ी तो परमात्मा हमारी मां है जिन्होंने इस संसार की सबसे खूबसूरत रचना की वो मां है।

जो कितना भी संघर्ष के बावजूद कभी हार नहीं मानती । मां शब्द में वह जादू है जो हर मुश्किलों को आसान कर देती है मां हमारे जीवन में भगवान के महत्व को समझती है वर्तमान समय परिवार में जो बढ़ रही विकृतियों को खत्म कर एकता, प्रेम व स्नेह के सूत्र में बांधने का श्रेष्ठ कार्य माता ही करती है। मदर्स डे मां के प्रति अपना प्यार , सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है एक मां का आंचल अपनी संतान के लिए कभी छोटा नहीं पड़ता , मां का प्यार अपने बच्चों के लिए इतना गहरा और अटूट होता है कि वो अपने बच्चों की खुशी के लिए सारी दुनिया से लड़ सकती है। कार्यक्रम में ब्यावरा शहर की विभिन्न विभाग से मातृ शक्तियों ने बड़ी संख्या' 'में भाग लिया' लक्ष्मी दीदी के द्वारा ईश्वरीय सौगात भेंट कर, तथा सुनीता अग्रवाल ने मांओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं दी।

# पीएचई और जल निगम मिलकर सुनिश्चित करें ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या न होः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला अधिकारी सी.एम. हेल्पलाइन कि शिकायतों का संतुष्टीपूर्ण निराकरण करें। यह निर्देश कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महीप किशोर तेजस्वी, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मण्डराह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजगढ़ गुलाब सिंह बघेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के




**समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित**

लिए सभी अधिकारी-कर्मचारियों, पुलिस प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान सभी अधिकारियों ने कलेक्टर हर्ष दीक्षित के कुशल नेतृत्व में शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने हेतु आभार व्यक्त किया।

बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि पीएचई, जल निगम यह सुनिश्चित करें कि ग्रामीण क्षेत्रों में कही भी पानी की समस्या उत्पन्न न हो, जहां परेशानी है उसका निराकरण करें। साथ ही शहरीय क्षेत्र में भी नगरीय निकाय पानी की समस्या न हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि आर.सी.एम.एस.पर समय-सीमा से बहार के सभी प्रकरण का निराकरण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह दांगी, डिप्टी कलेक्टर रत्नेश श्रीवास्तव, सुशील कुमार सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# तीन डिग्री लुढ़का तापमान शाम को हुई हल्की बारिश, गर्मी से मिली थोड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

इन दिनों भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। मौसम में आए बदलाव के चलते तापमान में उतार चढ़ाव हो रहा है। रविवार सुबह से आसमान में हल्के बादल छाए रहे। जिसके चलते तापमान में लुढ़क गया है।



पहले जहां अधिकतम तापमान 43 डिग्री के आसपास पहुंच गया था। वहीं अब अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। शनिवार को जहां अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस तो वहीं न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। मौसम में आए बदलाव से तापमान में गिरावट देखने को मिली है। जिसके चलते अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तो वहीं न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। सोमवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तो वहीं न्यूनतम तापमान 26 डिग्री की सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

# अग्निपथ योजना के अंतर्गत छात्रों ने समझी अग्निवीर भर्ती योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के द्वारा अग्निवीर भर्ती हेतु आवश्यक मार्गदर्शन के लिए व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ममता खोईया के द्वारा अग्निवीर सेना में भर्ती हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया ।

कॅरियर मार्गदर्शन के संयोजक डॉ. दिलीप कुमार गुप्ता के द्वारा भी छात्र-छात्राओं को अग्निवीर योजना की जानकारी देते हुए सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया गया कार्यक्रम के संचालक धर्मेंद्र कुमार खैरवार के द्वारा अग्निवीर सेना में भर्ती की योजना को विस्तार से समझाया गया जिसमें




अग्निवीर योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य भारत की तीनों सेना में युवाओं की प्रतिभागिता को बढ़ाना है ताकि युवा देश में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए देश सेवा कर सकें केंद्र सरकार ने तीनों सैन्य सेवाओं की जिसमें थल सेना नौ सेना और वायु सेना मैं सैनिकों की भर्ती के लिए अग्निपथ योजना प्रारंभ की गई है उक्त जानकारी में यह भी बताया गया कि अग्नि वीर योजना के लिए उम्मीदवार की उम्र 17 वर्ष 6 माह से लेकर 21 वर्ष के मध्य होनी चाहिए और आवेदक को 10वीं एवं 12वीं कक्षा में न्यूनतम 50: अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को अग्नि वीर सेना में भर्ती की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था जिसमें सेना में भर्ती की प्रक्रिया को अच्छे से समझ कर इच्छुक छात्र उक्त भर्ती में सम्मिलित हो सके।

कार्यक्रम में अग्निवीर भर्ती से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान करते हुए जिसमें अग्निवीर भर्ती की अधिसूचना पदों की जानकारी ऑनलाइन आवेदन आवेदन शुल्क शारीरिक योग्यता ऑनलाइन लिखित परीक्षा एवं मेडिकल सत्यापन की अन्य जानकारी भी छात्र-छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत की गई इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

# माचलपुर में हर्षोल्लास से मनाई परशुराम जयंती



**माचलपुर।** विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती नगर में रविवार शाम को सनाढ्य ब्राह्मण समाज द्वारा हर्षोल्लास से मनाई गई । इस मौके नगर सहित क्षेत्र के ब्राह्मण समाज के लोगो द्वारा अपने आराध्य भगवान परशुराम की विधि विधान से पूजा अर्चना की तत्पश्चात धर्मशाला से बैंड बाजे के साथ शोभा यात्रा प्रारंभ हुई जिसमें बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज की महिला पुरुष व युवावर्ग द्वारा हिस्सा लिया गया।जय जय परशुराम के जयकारे और केसरिया ध्वज के साथ बैंड बाजे की धुन पर श्रद्धालु जमकर नाचे।शोभायात्रा में रथ पर भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी सजाई गई थी। जगह जगह भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की गई वही शोभायात्रा का नगर में पुष्प वर्षा कर कहीं ठंडाई तो कहीं आइसक्रीम व शीतल जल से स्वागत किया गया। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होकर पुनः धर्मशाला पहुंची जहां भगवान परशुराम की आरती की गई। समाज के वरिष्ठ नागरिकों का श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया गया। बच्चो द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाला सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। समाज के मेधावी छात्र छात्राओं, शासकीय सेवाओं में उच्च पदों के लिऐ चयनित युवक युवतियों सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को श्रीफल शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# कर्म, अकर्म तथा विकर्म के अंतर को समझना होगा : चौरसिया

## कपिलेश्वर गीता स्वाध्याय मंडल की मोनिका चौरसिया ने व्यक्त किए विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

**यदि कोई सचमुच ही भव बंधन से मुक्ति चाहता है तो उसे कर्म, अकर्म तथा विकर्म के अंतर को समझना होगा। कर्म, अकर्म तथा विकर्म के विश्लेषण की आवश्यकता है, क्योंकि यह अत्यंत गहन विषय है।**




कृष्ण भावनामृत को तथा गुणों के अनुसार कर्म को समझने के लिए परमेश्वर के साथ अपने संबंध को जानना होगा। दूसरे शब्दों में, जिसने यह भली-भांति समझ लिया है, वह जानता है कि जीवात्मा भगवान का नित्य दास है और फल स्वरुप उसे कृष्ण भावनामृत में कार्य करना है। उक्त उद्गार कपिलेश्वर गीता स्वाध्याय मंडल की दीदी मोनिका चैरसिया ने यजमान जयसिंह बेस के घर पर गीता स्वाध्याय पाठ के अंतर्गत व्यक्त किए।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम यजमान जयसिंह बेस द्वारा भगवान श्री कृष्ण एवं श्रीमद्भागवत गीता की पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विश्व गीता प्रतिष्ठानम के स्वाध्याय पत्रक घर-घर गीता का प्रचार हो गीत का गायन संस्कृताचार्य सुशील व्यास ने किया। श्रीमद् भगवद्गीता गीता के 11 श्लोक का गायन कपिलेश्वर स्वाध्याय मंडल के बाल संस्कृताचार्य भैया अग्रेश एवं बहिन ग्रेसी चैरसिया ने किया। इस अवसर पर स्वाध्याय मंडल की सिंधु माई, छाया जोशी, मोनिका चैरसिया, मंगल वैद्य, सीमा जोशी, अनुसूईया जोशी, आनंद मोहन व्यास, नवीन श्रीवास्तव, सुशील व्यास, अनिल गुप्ता ने स्वाध्याय पत्रक का वाचन किया। श्रीमद्भगवद्गीताजी की आरती उतारी गई। कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आगामी गीता स्वाध्याय पाठ अनिल गुप्ता के यजमानत्व में संपन्ना होगा।

## खिलचीपुर में बनाई जा रही सड़क

# धीमी गति से चल रहा है सिटी पोर्शन रोड कार्य, लगता जाम



**खिलचीपुर।** खिलचीपुर में लोक निर्माण विभाग द्वारा सिटी पोर्शन रोड निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है, वही ठेकेदार द्वारा पानी की तराई भी ठीक से नहीं की जा रही है इस वजह से लोग धूल से परेशान हो रहे हैं, रोड पर बसे हुए लोगों के घर में दिन-रात धूल घुस रही है जिससे लोगों में श्वास दमा की बीमारी फैल रही है, वही ठेकेदार द्वारा धीमी गति से किए जा रहे काम की वजह से आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है , छापीहेड़ा नाका से बस स्टैंड तक दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है, लोगों को हमेशा डर लगा रहता है कि जाम न लग जाए वही लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है ऐसे में लोग परेशान है। रोड पर पोल स्विफ्ट नहीं होना भी है धीमी गति से निर्माण का कारण। लोक निर्माण विभाग ई एंड एम द्वारा रोड पर लगे बिजली के खंभे समय पर नहीं हटाने की अनियमितता के चलते भी सिटी पोर्शन रोड निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है जिससे लोग परेशान हैं।